Patna News : पटना में खुलेआम बनाई जा रही थी नकली शराब, फिल्मी स्टाइल में हुआ भंडाफोड़; धंधेबाज फरार

जागरण संवाददाता, पटना। आम चुनाव के दौरान मंगलवार को उत्पाद व आयुष औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने संदलपुर की जय महावीर कॉलोनी के रोड नंबर स्थित तीन में स्थित एक घर के बेसमेंट व जेठुली में छापेमारी कर रेक्टिफाइड स्प्रिट व नकली अंग्रेजी शराब जब्त की है।

संदलपुर के जय महावीर कालोनी स्थित घर के बेसमेंट से 24 लिटर रेक्टिफाइड स्प्रिट व दर्जनों खाली कंटेनर जब्त किए गए हैं। वहीं, जेठुली स्थित गोदाम में इससे तैयार बड़ी मात्रा में विभिन्न ब्रांड की नकली अंग्रेजी शराब व उसे तैयार करने का सामान जब्त किया गया।

जब्ती कार्रवाई के बाद उत्पाद व आयुष निरीक्षक ने अलग-अलग स्प्रिट व नकली शराब का सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है। इस क्रम में बजरंगपुरी निवासी टेंपो चालक शंकर कुमार वर्मा को गिरफ्तार किया गया है। संचालक व मकान मालिक फरार बताए जा रहे हैं। दोनों गोदामों को सील कर दिया गया है।

कार्रवाई में उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त प्रेम प्रकाश, इंस्पेक्टर अजीत कुमार व आयुष औषधि विभाग के निरीक्षक सत्य नारायण के अलावा मुख्यालय की टीम शामिल थी।

Source: https://www.jagran.com/bihar/patna-city-making-fake-liquor-from-spirit-busted-in-patna-liquor-ban-in-bihar-police-investigation-23723040.html